दैनिक जागरण 13/04/2023

## एलएमएस के बारे दी जानकारी

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत ईआरपी के विभिन्न माड्यूल का उपयोग कैसे करें विषय पर ट्रेनिंग दी गई। प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को किया गया। उन्होंने कहा कि तकनीकी युग में ईआरपी किसी भी महाविद्यालय के लिए रीढ़ की हड्डी है। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर उपिंदर कौर ने विस्तृत रूप से एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग साफ्टवेयर से संबंधित सभी पहलुओं जैसे लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) को विस्तार से बताया और ईआरपी साफ्टवेयर का उपयोग करके किस प्रकार पेपरलेस वर्क किया जा सकता है। इससे बेहतर दक्षता, समय और लागत की बचत भी होगी। इस प्रोग्राम का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से अपग्रेड करना और सशक्त बनाना रहा इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। (जासं)